Title : Need to direct the Kendriya Vidyalaya Sangthan to ensure admissions on the basis of coupons provided to MPs by the Ministry of HRD.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): माननीय अध्यक्षा जी, मैं इस सदन में बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न आपके समक्ष रखना चाहूंगा। विशेष तौर से यह मामला सत्ता और विपक्ष दोनों के सांसदों के हित में है। हम लोक सभा सांसदों को सेंट्रल स्कूल में बच्चों के दाखिले के लिए वर्ष में दो कूपन दिए जाते हैं। इसके विपरीत राज्य सभा के सांसदों को पूरे प्रदेश में कहीं भी बच्चों का दाखिला करने की अनुमति है, जबकि हम लोक सभा सांसदों को केवल अपने संसदीय क्षेत्र में ही स्थित सेंट्रल स्कूल में दाखिले का अधिकार है, वह भी तब अगर वहां सेंट्रल स्कूल हो। यह बहुत गम्भीर मामला है। सदन में इस समय प्रधान मंत्री जी, सदन के नेता, आदरणीय सोनिया जी और अन्य मंत्रीगण बैठे हैं। मैं समझता हूं सब माननीय सदस्य मेरी इस बात का समर्थन करेंगे कि हम लोगों को भी सम्बन्धित राज्य में कहीं भी बच्चों को एडमिशन कराने का अधिकार मिलना चाहिए।...(व्यवधान इसके साथ मैं यह भी चाहता हूं कि यह जो दो कूपन दिए जाते हैं, ये बहुत कम हैं, इससे कुछ नहीं होता इसलिए इन्हें बढ़ाकर कम से कम पांच या दस तक किया जाना चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: कृपया अब आप बैठ जाएं, आपने अपनी बात कह दी है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : यहां प्रधान मंत्री जी और सदन के नेता मौजूद हैं। ...(व्यवधान) इस बारे में सरकार को कोई जवाब देना चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: अर्जुन मेघवाल जी की स्पीच के अलावा और कुछ रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

..

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये, ये शून्य प्रहर के मामले हैं, इसमें हर समय जवाब नहीं आता है। आपने अपनी बात कह दी, उन्होंने सुन लिया है, शैलेन्द्र कुमार जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

---

* Not recorded